>

Title: Need to accord approval for construction of the proposed Baksouti dam project in Nawada district of Bihar.

डॉ. भोला सिंह (नवादा): उपाध्यक्ष महोदय, मैं अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय पर सरकार का ध्यान आकृष्ट करने के लिए निम्न चर्चा उठा रहा हूं। बिहार सरकार ने नवादा जिले के अन्तर्गत गोविन्दपुर प्रखंड में बक्सौती सिंचाई डैम परियोजना की स्वीकृति प्रदान की है जिसकी लागत 600 करोड़ रुपये से अधिक है। नवादा क्रोनिक सुखाड़ का जिला रहा है। प्रकृति ने इसे अभिशप्त करके रखा है। पहाड़ी एवं पथरीली जमीन होने के कारण बरसात के पानी को जमा कर नदियों में डैम बनाकर सिंचाई के लिए उसका उपयोग एकमात्र साधन है। राज्य सरकार ने गहन अध्ययन करने के बाद दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक और कमजोर वर्ग की आबादी को दो जून की रोटी प्राप्त हो, उनकी क्रय शक्ति श्रम जीवन व्यतीत करने के लिए बढ़ाई जाए, इसके लिए चिर प्रतीक्षित डैम परियोजना आकार ग्रहण कर रही है। पिछले कई महीनों से केन्द्र सरकार के जल संसाधन विभाग से यह योजना मंजूरी के लिए पड़ी हुई है। केन्द्र सरकार जहां ऐसी परियोजना के प्रति संवेदनशीलता का परिचय देती रही है, वहीं नवादा की बक्सौती डैम परियोजना उसकी स्वीकृति के लिए अधर में लटकी हुई है। इसलिए मैं केन्द्र सरकार से सदन के माध्यम से यह मांग करता हूं कि बिहार सरकार द्वारा प्रस्तावित बक्सौती डैम परियोजना की स्वीकृति देकर नवादा के जलते हुए आसमान और धरती को शांति प्रदान करें।